हत्या ▶ जन्मदिन समारोह में हिसाब को लेकर कहा सुनी

# बीच-बचाव कर रहे युवक को उतारा मौत के घाट




**अनूपपुर, नवभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर में शनिवार की देर रात जन्मदिन की खुशियाँ उस समय चीखों और बदल गईए जब बर्थडे पार्टी में हुए मामूली विवाद ने अचानक विकराल रूप ले लिया। बर्थडे में खर्चे के हिसाब को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया और इसी बीच मंगेश चौधरी के रिश्तेदार कौशल चौधरी ने बीच.बचाव कर रहे कोमल चौधरी पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कोमल जमीन पर गिर पड़ाए उनके कान से खून बहने लगा और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने रातों.रात घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू की और हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे ग्राम मानपुर में महेंद्र चौधरी 18 के जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया था।

पार्टी में शामिल करीब 20.25 लोगों ने केक काटकर जश्न मनाया। इसी दौरान मंगेश चौधरी तथा निलेश चौधरी के बीच बर्थडे खर्च के हिसाब को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर बीच.बचाव कर रहे दुर्गेश चौधरी को आरोपी कौशल चौधरी ;40द्ध ने थप्पड़ मार दियाए जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। रात लगभग 11 बजे दुर्गेश के पिता कोमल चौधरी ;41द्ध अपने बेटे को घर ले जा रहे थेए तभी रास्ते में पहले से खड़ा कौशल चौधरी अचानक डंडे से कोमल पर तीन.चार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से कोमल वहीं गिर पड़ा और कान से रक्तस्राव होने लगा। घायल को तुरंत डायल.112 की सहायता से जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाया गयाए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन सहित पुलिस टीम रात में ही घटनास्थल पहुंची एवं आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। सुबह एफएसएल टीम की उपस्थिति में पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 103;1द्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी कौशल चौधरी पिता दासु चौधरी निवासी मानपुर को गिरफ्तार कर लिया है।




# बस स्टैंड में बंद सुलभ कॉम्प्लेक्स, जनता बेहाल

**प्रशासन मौन, ठेकेदार बेलगाम, जनता पूछ रही जवाबदेही कौन लेगा**

**अनूपपुर, नवभारत।** शहर के सबसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल अनूपपुर बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स का आज सुबह से बंद रहना प्रशासनिक उदासीनता और व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है। हजारों यात्रीए विशेषकर महिलाएँ और बुजुर्गए पूरे दिन शौचालय सुविधा के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करते रहे। स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर यदि सुलभ कॉम्प्लेक्स बंद रहता हैए तो आखिर जिम्मेदार कौन हैघ् क्या ठेकेदार मनमाने ढंग से जनसुविधाएं बंद कर सकता हैघ् यदि नहींए तो उसके खिलाफ अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुईघ् प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कॉम्प्लेक्स बंद होने की वजह ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी बताई जा रही है। वहीं इस पूरे मामले में नगर पालिका प्रशासन की चुप्पी और निरीक्षण के लिए एक भी अधिकारी का मौके पर न पहुँचना लोगों के रोष का कारण बना हुआ है। न तो कोई वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई और न ही त्वरित समाधान के संकेत दिखाई दिए।

नागरिकों ने कहा कि यह स्थिति स्वच्छ भारत मिशन की भावना पर भी प्रश्न खड़ा करती है। क्या जनता की सुविधाए गरिमा और स्वास्थ्य का प्रशासन के लिए कोई महत्व ही नहीं बचाघ् लोगों में आक्रोश साफ देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सुलभ कॉम्प्लेक्स को नियमित रूप से शुरू नहीं कराया गया और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुईए तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर जनसमस्या पर कब तक चुप्पी साधे रहते हैं या फिर जनता की पीड़ा यूँ ही अनसुनी होती रहेगी।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद में जिला निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ

**जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला का त्यागपत्र स्वीकार, जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी भंग**

**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के तत्वावधान में 21 दिसंबर को कोतमा में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन के दौरान प्रांतीय चुनाव की पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कर ली गई। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार अब जिला स्तर पर निर्वाचन कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में परिषद के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला द्वारा अपने पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र प्रस्तुत किया गयाए जिसे प्रदेश कमेटी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। संगठनात्मक नियमों के तहत जिला अध्यक्ष का त्यागपत्र स्वीकार होने के साथ ही जिला एवं सभी ब्लॉक कार्यकारिणी स्वचालित रूप से भंग मानी जाएगी।

हालांकि संगठनात्मक निरंतरता को बनाए रखते हुए और जिला निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अमित शुक्ला आगामी जिला चुनाव पूर्ण होने तक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। जिले में होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े दिशा.निर्देश एवं विस्तृत कार्यक्रम प्रदेश निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार शीघ्र ही संगठन के अधिकृत समूहों व संचार माध्यमों के जरिए साझा किए जाएंगे। संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की गई है कि वे सूचना को गंभीरता से संज्ञान में लेंए संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखें एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। साथ ही संगठनहित में शालीनताए संयम और एकजुटता प्रदर्शित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश सह.सचिव कमलेश मिश्रा को अनूपपुर जिले का जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे जिले की पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन करेंगे। चुनावी व्यवस्थाओं के निर्धारण हेतु सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति और सभी निर्णयों में जिला निर्वाचन अधिकारी पूर्णत: स्वतंत्र रहेंगे।

# जिला कांग्रेस एवं सेवादल ने मनाया स्थापना दिवस

**▶ राजीव भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम**




**अनूपपुर, नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा रविवार 28 दिसंबर को राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 140वाँ स्थापना दिवस एवं सेवादल स्थापना दिवस सादगी एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान द्वारा कांग्रेस का राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके उपरांत सेवादल जिलाध्यक्ष डॉण् एहसान अली के नेतृत्व में विचार संगोष्ठी एवं मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को एवं जिला पंचायत अध्यक्षा प्रीति रमेश सिंह उपस्थित रहीं। सेवादल जिलाध्यक्ष डॉण् एहसान अली ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास तथा संविधान निर्माण में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने कहा कि कांग्रेस का 140 वर्षीय इतिहास स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान संरक्षण तक गौरवपूर्ण रहा है। कांग्रेस सदैव आदिवासीए हरिजनए अल्पसंख्यक एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है।

विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने अपने संबोधन में वर्तमान सत्ता दल पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा हेतु कांग्रेसजनों को संघर्ष तेज करना होगा।

जिला पंचायत अध्यक्षा प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान से जुड़कर ही लोकतंत्र की रक्षा संभव है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर गरीबों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। कार्यक्रम के अंत में सेवादल के नव.नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही इस वर्ष दिवंगत हुए कांग्रेस नेताओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विधायक, पूर्व विधायक, जिले के निर्वाचित वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षए बीएलए .2 सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### पुष्पराजगढ़ में आयोजित हुआ वाटरशेड महोत्सव

**अनूपपुर, नवभारत।** पुष्पराजगढ़ के ग्राम सोनहरा ;बरबसपुरद्ध में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2० परियोजना के तहत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण और संवर्धन के महत्व पर जोर देते हुए कहा गया कि खेत तालाब जैसी संरचनाएं ग्रामीणों और कृषकों के आर्थिक लाभ का माध्यम बन सकती हैं। विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण जरूरी है और प्राकृतिक स्रोतों को बचाना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कृषकों को वाटरशेड मिशन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और योजना का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि वाटरशेड योजना के माध्यम से लाभान्वित कृषकों का कृषक उत्पादक संगठन ;एफपीओद्ध बनाकर उन्हें और अधिक लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने बीज उत्पादन इकाईए सब्जी उत्पादनए टमाटर की खेती और कोल्ड स्टोरेज जैसी स्वरोजगार गतिविधियों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। पूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम और जनपद पंचायत की अध्यक्ष मिथिलेश मरावी ने किसानों और ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर उन्हें लाभान्वित होने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम जीलंग में वाटरशेड परियोजना के तहत किए गए कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही जल यात्राए जल संवादए श्रमदानए नुक्कड़ नाटकए सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण भी आयोजित किए गए। उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण और संवर्धन की शपथ भी ली। इस अवसर पर जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सदस्यए पूर्व उपाध्यक्षए मुख्य कार्यपालन अधिकारीए परियोजना अधिकारी और आसपास के ग्रामों के सरपंचए उपसरपंचए पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वाटरशेड महोत्सव के माध्यम से ग्रामीणों और कृषकों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास को सशक्त करने का प्रयास किया गया।

### 13 साल से अलग रह रहे दम्पति का तलाक

**अनूपपुर, नवभारत।** 13 साल से एक ही छत पर रहने के बावजूद भी पति-पत्नी में भावनात्मक संबंध पूरी तरह से खत्म हो गए थे. प्रेम और विश्वास की जगह केवल नफरत और क्रूरता बची थी. उस विवाह को खींचना दोनों पक्षों के साथ अन्याय है, यह कहते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के विवाह को शून्य घोषित करते निचली अदालत के आदेश को बदलते हुए तलाक की मंजूरी दे दी. अनूपपुर में रहने वाले शैलेंद्र ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अपील दायर करते हुए कहा कि श्वेता से उसकी लव मैरिज 2001 में हुई थी. शादी के कुछ सालों बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया. 2011 से दोनों एक ही मकान में रह तो रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच भावनात्मक संबंध पूरी तरह से खत्म हो गया है. श्वेता से तलाक लेने शैलेंद्र ने निचली अदालत में मुकदमा दाखिल किया. लेकिन उसे खारिज कर दिया. जिसमें 21 दिसंबर 2022 को खारिज होने पर यह अपील हाई कोर्ट में दाखिल की गई. जस्टिस विशाल धगट और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने लव मैरिज करने के बाद भी अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी को तलाक की मंजूरी दे दी है. कोर्ट ने कहा कि कानून को मानवीय पक्ष भी देखना चाहिएए एक विवाह जो पूरी तरह से मृत हो चुका है और एक दशक से दोनों के बीच वापसी की कोई संभावना भी नहीं बची है. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे विवाह को कागजों पर जीवित रखना समाज और व्यक्ति दोनों के लिए घातक है. इसके साथ बेंच ने कोतमा की जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए दोनों की शादी को 23 साल बाद कानूनी रूप से शून्य घोषित कर दिया है. रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने कहा कि विवाद की आग में दोनों पक्षों ने मर्यादा की सीमा लांघी थी. एक दूसरे पर अनैतिक संबंधों के आरोप भी लगाए. दोनों के बीच असंसदीय भाषा में बातें की जाती थी. एक घर में अलग.अलग मंजिलों पर रह रहे. दोनों के बीच आपसी विश्वास इस कदर खत्म हो चुका था कि अब वापसी का कोई रास्ता नहीं बचा था.

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत गृह भेंट कर पशुपालकों को किया जा रहा जागरूक

**▶ पशु स्वास्थ्य, प्रबंधन, नस्ल सुधार एवं लाभकारी तकनीकों की दी जा रही जानकारी**



**अनूपपुर, नवभारत।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में विभागीय अमला ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पशुपालकों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों से अवगत करा रहा है। अभियान के दौरान पशुपालकों को पशु नस्ल सुधारए कृत्रिम गर्भाधानए सेक्स सर्टेड सीमेनए संतुलित आहारए मिनरल मिक्सर के महत्व सहित पशु स्वास्थ्य टीकाकरण एवं उन्नत प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें पशुधन आधारित आजीविका बढ़ाने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए जा रहे हैं जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

विगत दिवस स्टेट नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ उपसंचालक भोपाल डॉ. राजू रावत ने मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए विभागीय टीम को निरंतर सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उपसंचालक डॉ.बी.बी. चौधरी के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार मोहबे, मास्टर ट्रेनर डॉ. पूजा मोहबे एवं पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्राम अमलाई, पटना खुर्द, फुलकोना, खोडरी नंबर.2, परसवार, चंदवार, जमुडी, कुहका, बैहा टोला, कटकोना, पथरौडी, बेलिया छोट, पोड़ी, बहपुर नोनघटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पशुपालकों से गृह भेंट की गई। अभियान के तहत विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म को मोबाइल व व्हाट्सएप के माध्यम से साझा कर डिजिटल स्तर पर भी जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।




# कोरोना काल में आम जनों ने जाना प्रकृति और वनों का महत्व

**जैतहरी के खोराबाबा जंगल में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम**

**अनूपपुर, नवभारत।** कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी और प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता के अनुभव के कारण पूरे देश ने प्रकृति और वन का महत्व नजदीक से जाना। इसी सन्दर्भ में वन परिक्षेत्र जैतहरी के गढ़ियाटोला बीट अंतर्गत खोराबाबा जंगल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा के विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुंडा के सरपंच त्रिवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति और वन के महत्व को समझना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करने का संदेश देने का आग्रह किया। अनुभूति कार्यक्रम के प्रेरक दिनेश कुमार शुक्लाए शशिधर अग्रवाल, राजू केवट, पूरन सिंह मरावी, कुंदन शर्मा के साथ वन परिक्षेत्र जैतहरी के विवेक मिश्रा अनूपपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह और गढ़ियाटोला बीट के वनरक्षक नरेंद्र पटेल उपस्थित रहे। वन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ सीमा में बने बांध में संग्रहित पानी का महत्व समझाया गया तथा विभिन्न पक्षियों और पेड़.पौधों की प्रजातियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में बाघ, हाथी, भालू, और जंगल के अन्य वन्य प्राणियों के महत्व को उजागर करनाए वृक्षों द्वारा प्रकाश संश्लेषण और भोजन निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी देना शामिल था। विद्यार्थियों को वर्षा काल में मिट्टी कटाव और नाला निर्माण से होने वाले नुकसान, चेकडैम और स्टाफडैम जैसे वन विभाग द्वारा किए जाने वाले संरक्षण कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों के लिए वन, वन्यप्राणी और जैव विविधता से संबंधित खेलए लिखित और मौखिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गईए जिसमें सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# पुलिस पर हमला करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिले के थाना चचाई पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने के आरोप में फरार आरोपी अंकित उर्फ यादवेंद्र कुमार साहू ;24द्ध को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार 2 अक्टूफ्बर को सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति और आरक्षक अतुल शर्मा की ड्यूटी मेडियारास में दुर्गा विसर्जन एवं रावण दहन कार्यक्रम के दौरान तैनात थी। इसी दौरान आरोपी रामरक्षा पटेल अपने साथियों अनीश पटेलए प्रवीण सोनीए और अंकित साहू के साथ पहुंचा और प्रजापति से विवाद करने लगा। आरोपियों ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हाथ.मुक्के और कड़े से हमला कियाए जिससे प्रजापति को चोटें आईं। घटना की रिपोर्ट पर थाना चचाई में धार 296ए 221ए 132ए 115;2द्धए 351/3, 3५ एवं 3/, 3, 2 व्हीर बी नएस एससीएसटी एक्ट 2 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लगातार आरोपियों की तलाश जारी रखी। इसके तहत 24 दिसम्बनर को रामरक्षा पटेल, अनीश पटेल और प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर जिला जेल अनूपपुर भेजा गया। वहीं फरार आरोपी अंकित साहू को मुखबीर की सूचना पर 27 दिसम्बरर को रामपुर खाड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक किरण मिश्रा,चालक सउनि रावेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक सुखसेन, आरक्षक राकेश द्विवेदी, नागेंद्र सिंह और साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार व पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जनआक्रोश ▶ केवई नदी पर अडानी का बांध बना तो कोयलांचल बूंद-बूंद पानी को तरसेगा

# जाग जाओ कोयलांचल, जमुना-भालूमाड़ा प्यासा होने की कगार पर






**जमुना कोतमा, नवभारत।** कोतमा अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों और कोयलांचल के जमुना, भालूमाड़ा, बिजुरी, गोविंदा सहित आसपास के इलाकों में निवासरत लाखों नागरिकों की जीवनदायिनी केवई नदी का अस्तित्व गंभीर खतरे में है। ग्राम छतई में स्थापित हो रहे पावर प्लांट के लिए केवई नदी पर बनाए जा रहे बांध को लेकर क्षेत्र में तीखा जनआक्रोश उभर आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अडानी ग्रुप द्वारा पावर प्लांट के उपयोग के लिए नदी के पानी को पूरी तरह रोके जाने की तैयारी की जा रही है, जिससे वर्षा ऋतु के अलावा केवई नदी का जल आगे कोतमा, जमुना और भालूमाड़ा क्षेत्र तक नहीं पहुंच पाएगा

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सरपंचों और नागरिकों के साथ बांध स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह सामने आया कि जिस तरह का मजबूत बांध बनाया जा रहा है, उससे नदी का अधिकांश पानी प्लांट की ओर मोड़ दिया जाएगा वर्तमान में पसान,कोतमा और बिजुरी नगर पालिका सहित अनेक ग्राम पंचायतें केवई नदी के किनारे बने पंप हाउस और फिल्टर प्लांट के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कर रही हैं। यदि नदी में पानी नहीं बचेगा तो भविष्य में पूरे कोयलांचल में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि मच जाएगी। विवाद केवल पानी तक सीमित नहीं है। बताया गया कि पूर्व में बेलस्पन कंपनी द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन को बाद में अडानी समूह ने 3200 मेगावाट बिजली उत्पादन वाले पावर प्लांट के लिए खरीद लिया। इस भूमि अधिग्रहण से जुड़े करीब 260 युवाओं को 2019 से बेरोजगारी भत्ता मिलना बंद हो गया है। आरोप है कि जब युवा अपना भत्ता मांगते हैं तो उन्हें आश्वासन के बजाय पुलिस की सख्ती और डंडों का सामना करना पड़ता है। कई बार काम रोका गया, आंदोलन हुए, लेकिन आज तक युवाओं को उनका हक नहीं मिला। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि हजारों एकड़ कृषि भूमि लेकर किसानों को बेघर किया जा रहा है, जबकि स्थायी रोजगार और सम्मानजनक मुआवजे के वादे पूरे नहीं हुए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे विकास और उद्योग के विरोधी नहीं हैं, लेकिन मानव जीवन, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी अधिकारों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। लोगों ने जमुना-भालूमाड़ा सहित पूरे कोयलांचल से अपील की है कि समय रहते एकजुट होकर केवई नदी और अपने भविष्य की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करें, अन्यथा आने वाले वर्षों में यह पूरा क्षेत्र बूंद-बूंद पानी को तरसने पर मजबूर हो जाएगा